भारतीय जैन संघटना का राष्ट्रीय अधिवेशन 17 से

- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राजमंत्री कपिल पाटील, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस, विधान सभा अध्यक्ष सीपी जोशी, करेगें शिरकत
- देश के 100 जिलों के जल संवर्धन के लिए केन्द्र सरकार से होगा एमओयू

उदयपुर, (का.सं.)। उदयपुर, झीलों की नगरी उदयपुर में 17-18 दिसंबर को भारतीय जैन संघटना का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित होगा। अधिवेशन में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राजमंत्री कपिल पाटील, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस, विधान सभा अध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया सहित देशभर के 100 से अधिक उद्योगपति, शिक्षाविद् एवं ब्यूरोकैट्स शिरकत करेगें ।

इनके अलावा उद्योगपति डॉ. अभय फिरोदिया चेयरमेन फोर्स मोटर्स, वल्लभ भंसाली प्रबधंन निदेशक ईनाम सिक्योरिटी, अरूण जैन सीएमडी इंटलेक्ट डिजाईन अरहना लिमिटेड, प्रदीप राठौड़ सेलोवर्ल्ड ग्रुप मुम्बई, डॉ. चेनराज जैन चांसलर जैन युनिवर्सिटी बैंगलोर, विजय दरड़ा चेयरमैन लोकमत मीडिया, अभय श्रीश्रीमाल अध्यक्ष जीतो एपेक्स, अविनाश मिश्रा सलाहकार नीति आयोग, डॉ. अख्तर बादशाह वाशिंगटन विश्वविद्यालय सहित देशभर के 100 से अधिक उद्योगपति, शिक्षाविद् एवं ब्यूरोकैट्स एवं जनप्रतिनिधि इस महाअधिवेशन का हिस्सा बनेंगे। दो दिवसीय आयोजन में देश में शिक्षा के मूल्यों,जल संसाधनों के विकास, देश में पानी जैसी जटिल समस्या का हल एवं जैन समाज एवं साधू साध्वियों की पहल, स्मार्ट गर्ल,नारी शक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

भारतीय जैन संघटना राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने बताया कि यह राष्ट्रीय अधिवेशन बीजेएस के संस्थापक शांतिलाल मुथ्था के निर्देशन एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र लुंकड़ के मार्गदर्शन में आयोजित होगा। इसका उद्घाटन 17 दिसंबर को प्रातः 9 बजे शोभागपुरा सौ फीट रोड स्थित ओकेजन गार्डन में किया जाएगा। इसमें देशभर के 4 हजार से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। अधिवेश की सफलता के लिए महेन्द्र तलेसरा को मुख्य संयोजक के रूप में मनोनीत किया गया। उक्त अधिवेशन में दो दिवसीय आयोजनों के अन्तर्गत उद्घाटन एवं समापन सत्र के अलावा मूल्यवर्धन शिक्षाए जल संसाधन विकासए देश में पानी जैसी जटिल समस्याओं का समाधानए जैन साधु.साध्वियों की पहलए स्मार्ट गर्ल्स व नारी शक्तिः भविष्य की आयोजना एवं बीजेएस जर्नी, सामाजिक ज्वलंत मुद्दों जैसे विषयों पर भिन्न-भिन्न सत्रों में चर्चा-परिचर्चा होगी।

संघटना के प्रदेश महामंत्री अभिषेक संचेती ने बताया कि अधिवेशन में आने वाले अतिथियों एवं प्रतिनिधियों के लिए 100 सदस्यों की स्वागत समिति का गठन किया गया है, जो सभी प्रतिनिधियों का राजस्थान की परम्परा अनुसार पलक-पावड़े बिछाकर स्वागत अभिनंदन करेगी।

आयोजन के मुख्य संयोजक महेन्द्र तलेसरा ने संयुक्त रूप से बताया कि अधिवेशन की सफल परिणीति के लिए 15 समितियों का गठन किया गया।

प्रदेशाध्यक्ष फत्तावत ने बताया कि दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में भावीपीढ़ी के आचार.विचार व व्यवहार सम्बन्धी मुद्देए मूल्यवर्धन शिक्षा, जल चुनौती एवं जल संसाधन विकास, भारतीय जैन संघटना की यात्रा, स्मार्ट गर्ल्स व नारी शक्ति विषयों पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन भी होगा।

भारत सरकार के 13 राज्यों में 100 जिलों के जल संवर्धन पर होने वाले एमओयू के आधार पर 17 दिसम्बर को सायं 4.30 बजे 100 भिन्न.भिन्न झांकियों के माध्यम से ओकेजन गार्डन से डीपीएस स्कूल मैदान तक विशाल वाटर रैली निकाली जाएगी। जिसका नेतृत्व केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, संघटना के संस्थापक शांतिलाल मुथ्था एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र लूंकड़ करेंगे।

बदलावों की झलक है केन्द्रीय संचार ब्यूरो की प्रदर्शनी

राजसमंद, (नि.सं.)। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से हमारे जीवन और समाज में बड़े पैमाने पर परिवर्तन हो रहे हैं। इनका उपयोग हम अपने विकास के लिए बखूबी कर सकते हैं। प्रौद्योगिकी के माध्यम से भारत और दुनिया में हो रहे परिवर्तनों की एक झलक हम केंद्रीय संचार ब्यूरो की मल्टीमीडिया प्रदर्शनी में देख सकते हैं।

यह उद्गार राजसमंद के अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामचरण शर्मा ने व्यक्त किए। वह केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय-उदयपुर, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से आयोजित तीन दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के दूसरे दिन आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले के समय में ज्ञान तक लोगों की पहुँच सीमित मात्रा में थी। छोटी से छोटी जानकारी जुटाने के लिए भी बहुत परिश्रम करना पड़ता था। मगर आज अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से हम कई तरह की जानकारियां कुछ ही क्षणों में हासिल कर सकते हैं। इस प्रदर्शनी में कई प्रकार की अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है।

कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चैहान ने ग्राम विकास से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होने कहा कि जिले मे जिस किसी के शौचालय नही बने है उसके बारे मे अवगत कराये जिससे उन्हे स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय निर्माण हेतु लाभान्वित किया जा सके। कार्यक्रम के तीसरे सत्र में कृषि विभाग के उप निदेशक कैलाश चन्द्र मेघवंशी ने किसानों के विकास के लिए कृषि विभाग के संचालित होने वाली विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय में वृद्धि के लिए कई प्रकार के कदम उठा रही है और उनके सशक्तीकरण का प्रयास किया जा रहा है। भारतीय डाक विभाग के सहायक प्रवर अधीक्षक तिलकेश शर्मा ने सुकन्या समृद्धि योजना, इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट, पीएलआई के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि जिले मे सुकन्या समृद्धि योजना के लगभग 33000 पात्र बालिकाओ के खाते खोलकर इस योजना से जोडा गया। महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक रश्मि कोशिश ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओ आर एस सी आई टी, समूह विवाह योजना की अनुदान राषि, महिला सखी केन्द्र के बारे मे जानकारी दी। सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक वीणा मेहर चन्दानी एवं सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रणछोड गर्ग पालनहार, अनुप्रीति कोचिंग योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, स्कूटी वितरण योजना, एकल नारी पेंशन योजना की जानकारी दी।

'स्पन्दन' आज

उदयपुर,(नि.सं.)। आलोक संस्थान, आलोक इन्टरेक्ट क्लब, आलोक समाज सेवा प्रकोश्ठ, रोटरी क्लब आफ उदयपुर के सहयोग से शुक्रवार को स्पन्दन कार्यक्रम राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल, बगूर्दा, जयसमंद रोड़ में आयोजित होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अभियान प्रणेता, आलोक संस्थान के निदेशक डॉ. प्रदीप कुमावत करेंगे। आलोक स्कूल हिरण मगरी के प्राचार्य शशांक टांक ने बताया कि अभियान प्रणेता डॉ. प्रदीप कुमावत के नेतृत्व में आलोक इन्टरेक्ट क्लब पिछले 25 वर्शों से अलग-अलग स्थानों पर स्पन्दन कार्यक्रम आयोजित करता आ रहा है जिसमें सर्दी में ठिठुरते विद्यालयों में पढ़ने वालें बच्चों, परिवारों को कम्बल, ऊनी वस्त्र वितरण किये जाते है। इस वर्ष राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल, बगूर्दा, जयसमंद रोड़ में आयोजित होगा।

कार्यालय नगर परिषद, राजसमन्द
जिला राजसमन्द
क्रमांकः- नपरा / राजस्व / 2022-23 /625
दिनांकः 6/12/2022
-: आपत्ति सूचना पत्रः-
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री हेमन्त दाधीच पिता गोवर्धनलाल दाधीच, नि. व्यास भवन, जाट मोहल्ला कुंवारिया, तहसील कुंवारिया, जिला राजसमन्द ने राजस्थान नगर पालिका अधिनियम, 2009 की धारा 69-क संशोधित (2021) के अन्तर्गत स्थान नई आबादी कांकरोली, तहसील व जिला राजसमन्द तथा निम्न पड़ौस के मध्य स्थित अपने भूखण्ड/भवन के पट्टे हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिसका क्षेत्रफल 2400.00 वर्गफीट है। पूर्व : मोतीलाल का मकान, पश्चिम - के.एल. दाधीच का मकान, उत्तर- रास्ता, दक्षिण- रास्ता
उपरोक्त आवेदित भूखण्ड/भवन के पट्टे जारी करने में यदि किसी हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो आपत्ति सूचना प्रकाशित होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मयाद कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।
आयुक्त
नगर परिषद राजसमन्द

आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण , राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांकः- F-1(4)/SEIAA/SEAC-RAJ/Sectt/Project/cat.1 (a) B1 (21645) 2022-23 Jaipur Dated 02/12/2022 के द्वारा श्री बंशी लाल कुमावत को निकट ग्राम तालाबो कि भागल, तहसील खमनोर जिला राजसमंद में स्थित खनन पट्टा रेफरेन्स संख्या- 20211000031136 वास्ते खनिज ग्रेनाईट क्षेत्रफल 2.4180 हेक्टेयर के लिये पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की वेबसाइट http://environmentclearance.nic.in पर देखी जा सकती है।
श्री बंशीलाल कुमावत

भागवत कथा जारी

उदयपुर, (का.स.)। प्रेरणा परिवार और नारायण सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन प्रियांशु महाराज ने कहा कि स्कूल में शिक्षा और कथा में दीक्षा यही प्रेरणा परिवार का मकसद है।

महाराज श्री ने कहा कि किसी को अच्छी और सद प्रेरणा देना दुनिया में सबसे महान काम है। प्रेरणा परिवार के गिरीश भारती श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से गोसेवा, समाज सेवा, शिक्षा सेवा, गरीब सेवा की जो प्रेरणा दे रहे हैं वह बहुत ही पुनीत कार्य है।

ठाकुर जी ने भी कहा है कि उन्होंने खासकर गौ रक्षा के लिए ही अवतार लिया है। दुनिया में सबसे बड़ा कार्य गोसेवा का ही माना गया है।

इस कथा के माध्यम से गौ सेवा और मानव सेवा की ही प्रेरणा मिलती है। दुनिया में अच्छे कर्म करो सच्चे कर्म करो तो उनका फल निश्चित ही अच्छा मिलेगा। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन गैलेक्सी गार्डन रामपुरा चौराहे के पास दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक हो रहा है।

इस अवसर पर पार्षद अजय पोरवाल ने प्रेरणा परिवार द्वारा विभिन्न सामाजिक धार्मिक एवं गौ सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से बताते हुए कहा कि चाहे कोरोना महामारी हो चाहे गाय में फैली लंपी जैसी महामारी हो दोनों कार्यों में प्रेरणा परिवार को मानव सेवा और गौ सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कोरोना महामारी के दौरान भोजन व्यवस्था प्रारंभ की। घर पर कोई भूखा ना सोए बीमारों को कोई तकलीफ ना हो इसके लिए घर.घर भोजन पहुंचाने की व्यवस्था की। इसी तरह गौ माताओं में फैली लंपी वायरस की महामारी के दौरान भी प्रेरणा परिवार द्वारा आयुर्वेदिक औषधीय लड्डू बनाने का एक रिकॉर्ड कायम किया।

प्रेरणा परिवार के गिरीश भारती ने कहा कि हमने कथा का आयोजन भी बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद की प्रेरणा से ही किया है। मानव सेवा गौ सेवा के साथ ही अब प्रेरणा परिवार धर्म सेवा में भी आगे आने का प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में कोरोना महामारी के बाद पहली बार गैलेक्सी गार्डन रामपुरा चौराहे के पास उदयपुर मैं इतनी बड़ी कथा का आयोजन हो रहा है।

उन्होंने कहा कि अब कथा का सिलसिला थमेगा नहीं ऐसा प्रयास प्रेरणा परिवार का रहेगा और हर साल अलग.अलग स्थानों पर कथा के माध्यम से गौ सेवा और मानव सेवा की प्रेरणा देने का प्रयास किया जाएगा।

कार्यालय कार्यक्रम एवं विकास अधिकारी पंचायत समिति आमेट (राजसमंद) राज.
क्रमांक पसंआ/मनरेगा / निर्माण सामग्री निविदा/2022-23/316 दिनांक : 06-12-2022
Notice Inviting Bid
Bids for Material supply in gram panchayat Racheti of panchayat samiti amet are invited from interested bidders upto 6: pm 20-12-2022. Others particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state
UBN NO. ZRR2223 GLRC 00477
Program officer and Block development Officer
Panchayat Samiti Amet dist- Rajsamand

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर
क्रमांक : मोलासुविवि/उपाधि/दीक्षान्त समारोह/2022/3717 दिनांक : 08/12/2022
दीक्षान्त समारोह अधिसूचना
विश्वविद्यालय के 30वां दीक्षान्त समारोह के संबंध में दि. 26.11.2022 को प्रकाशित अधिसूचना के क्रम में समस्त योग्य स्वर्ण पदक धारको एवं पीएच.डी. (Ph.D.) उपाधि धारको को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय का 30वां दीक्षान्त समारोह **दिनांक 20 दिसम्बर, 2022 (मंगलवार) को 11.30 बजे स्वामी विवेकानन्द सभागार विश्वविद्यालय परिसर** में आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया गया है।
समारोह से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आगामी संबंधित समस्त जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mlsu.ac.in पर उपलब्ध होगी।
कुलसचिव

उचनार खुर्द में जाट अध्यक्ष

कपासन, (नि.सं.)। कपासन में ग्राम सेवा सहकारी समिति (जीएसएस) उचनार खुर्द के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन निर्विरोध हुआ। जिसमें अध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट और उपाध्यक्ष लेहरूलाल बुनकर निर्वाचित घोषित किए गए।

व्यवस्थापक शंकरलाल जाट ने बताया कि निर्वाचन अधिकारी मनीष धाबाई के निर्देशन में आज गुरुवार को निर्वाचन संपन्न हुआ। सुबह अध्यक्ष पद पर वार्ड पंच मिठूलाल जाट, मुकेश जाट और भगवानलाल जाट ने नामांकन प्रस्तुत किए। मुकेश और भगवान लाल ने अपने नाम वापस ले लिए। उपाध्यक्ष पर उदयलाल गर्ग,लहरुलाल बुनकर और सुला जाट ने नामांकन दाखिल किए। उदयलाल और सुशीला ने अपने नाम वापस ले लिए।

इससे पूर्व सदस्य में अनोखी जाट, सुशीला देवी जाट, कालूराम जाट, रतनलाल जाट, गंगाराम भील, भेरू लाल 1 गाडरी भी निर्विरोध चुने गए थे। सदस्य मुकेश कुमार जाट, उदयलाल गर्ग, भगवानरतन जाट, भगवान छोगा जाट निर्वाचित हुए थे।

युवा पीढ़ी जल संरक्षण के लिए आगे आये : सारंगेदेवोत

उदयपुर, (का.सं.)। पूरे विश्व में सूखे व बाढ की वैश्विक समस्या पर जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय) एवं विश्व जन आयोग स्वीडन के संयुक्त तत्वावधान में भारत में पहली बार आयोजित होने वाले विश्व जल सम्मेलन का शुभारंभ गुरूवार को प्रतापनगर स्थित आई टी सभागार मे हुआ।

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए मैग्सेसे पुरस्कार विजेता व सूखा एवं बाढ के विश्व जन आयोग , स्वीडन के अध्यक्ष वाटर मैन ऑफ इंडिया डॉ राजेंद्र सिंह ने घटते जल संसाधनों से विश्व शांति को खतरा बताते हुए विकेंद्रीकृत जल संरक्षण व्यवस्था को अपनाने का आ ान किया। डॉ. राजेन्द्र सिंह ने जल संरक्षण एवं संवर्धन करने के लिए नागरिक एवं सरकारी समितियों में समेकन की आवश्यकता पर बल देते हुए इसे भूमंडलीकृत विश्व पर्यावरण के लिए आवश्यक बताया। डॉ. राजेन्द्र सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा विश्व के प्रत्येक एग्रो इकॉलोजिकल मैक्रो क्लाइमेटिक जोन से एक कमीश्नर नियुक्त किया गया है जो कि बाढ सुखाड से मुक्ति की युक्ति खोजने के वैश्विक प्रयासों को आगे बढाएंगे। इसी क्रम में भारतीय उप महाद्वीप से कुलपति प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत को नियुक्त किया गया है। राजस्थान में थार मरूस्थल व अरावली की पहाडियों का एक दुर्लभ संयोग है। ऐसे में विश्व को बाढ व सूखे से मुक्ति के लिए एक आयोग का निर्माण करने के लिए उदयपुर ही एकमात्र सार्थक स्थान है। वाटरमैन ने राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय), उदयपुर जल संरक्षण , संवर्द्धन के गुरूत्तर कार्य का प्रारंभ की पहल के रूप में विश्व की प्रथम कॉनक्लेव के आयोजन को व्यक्तिगत गौरव का क्षण घोषित किया ।

विश्व जन आयोग के कमिश्नर एवं कुलपति प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि तीन दिवसीय विश्व जल सम्मेलन में छः महाद्वीपों एवं भारत के विविध राज्यों से 150 प्रतिनिधि 'सूखा और बाढ़: विकेंद्रीकृत जल संरक्षण के माध्यम से शमन, अनुकूलन और अंबन्ध्य ' विषयक इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य दुनिया में आ रही बाढ़ और सूखे के कारणों को जान उसका समाधान खोज, कार्य योजना पर मंथन कर रहें हैं। आयोजन सचिव डॉ. युवराज सिंह राठौड ने इस सम्मेलन आयोजन पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए बताया कि भावी पीढी बाढ व सूखे जैसी समस्या के सार्वभौमिक समाधान के लिए वैज्ञानिक, शैक्षिक व सामाजिक प्रयासों की रूपरेखा तय करने के लिए यह आयोजन किया जारहा है। डॉ. युवराज ने जानकारी दी कि विश्व भर के विषय विशेषज्ञ शुक्रवार को चार तकनीकी सत्रों में 16 थीम पर चर्चा करेंगे। उदयपुर एवं निकटवर्ती क्षेत्रों के जल संरक्षण एवं प्रबंधन का अवलोकन कर विकेंद्रीकृत जल संरक्षण संबंधित योजना निर्माण में सामुदायिक एवं परंपरागत सहभागिता का विश्लेषण करेंगे।

'जैन विद्या व प्राकृत विभाग सर्वश्रेष्ठ विभाग होगा'

उदयपुर,(नि.सं.)। जैन विद्या एवं प्राकृत की समसामयिकता विषयक राष्ट्रीय व्याख्यानमाला के अन्तर्गत जैन आचार्यों की समकालीन युगचेतना नामक व्याख्यान गुरूवार को हुआ।

कार्यक्रम को संरक्षण प्रो. आई. वी. त्रिवेदी- कुलपति, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, जमनालाल जैन, अध्यक्ष- दिग. जैन ग्लोबल महासभा एवं प्रो. सी.आर. सुथार- अधिष्ठाता, सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय ने प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. जिनेन्द्र कुमार जैन, पूर्व विभागाध्यक्ष, जैनविद्या एवं प्राकृत विभाग, मो.ला.सु.वि. एवं मुख्य आतिथ्य प्रो. नीरज शर्मा, अधिष्ठाता- स्नातकोत्तर अध्ययन, सुविवि ने प्रदान किया।

मुख्य वक्ता प्रो. वीरसागर जैन, आचार्य- जैनदर्शन विभाग, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि जैनाचार्य प्रत्येक युग के हमराही रहे हैं। जैन संस्कृति के जीवन्त बने रहने का आधार जैनाचार्यो की समकालीन युगचेतना है। आचार्य मनीषियों ने अपने समय की समस्या के प्रति जागरूक रहते हुए योग्य समाधान प्रस्तुत किये हैं। भाषा एवं शैली का आग्रह न रखते हुए समकालीन संस्कृति के अनुसार साहित्य की रचना करना यह जैनाचार्यों की विशेषता उनके साहित्य में दृष्टिगोचर होती है।

मुख्य अतिथि प्रो. नीरज शर्मा ने कहा कि ज्ञान धारा का प्रवाह विश्वव्यापी रहा है, भारतीय ज्ञानधारा को प्रत्येक संस्कृति ने खुले मन से स्वीकार किया है। प्रो. जिनेन्द्र कुमार जैन ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि विभाग अपनी समृद्ध परम्परा को निरन्तर गतिशील रख रहा है, यह उपक्रम निश्चित ही विभाग की सक्रियता को इंगित करता है। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. ज्योतिबाबू जैन ने आगन्तुकों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यालय नगरपरिषद राजसमन्द, जिला राजसमन्द
क्रमांकःन.प.रा./भू.रूपा./2022-23/2120 दिनांकः 08.12.2022
आपत्ति सूचना पत्र
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खातेदार श्री टीलुराम पुत्र श्री भंवरलाल नि. फरारा, श्री दीपक पुत्र चतरलाल भील नि. जावद, श्री बाबुलाल पुत्र श्री नाना उर्फ कानिया भील नि. जावद, श्री उदयलाल उर्फ मदनलाल पिता श्री चतरलाल गमेती नि. जावद, श्री रतनलाल पुत्र श्री सोहनलाल भील नि. फतेहपुरा राज्यावास द्वारा राजस्व ग्राम जावद आराजी संख्या 910/5 रकबा 0.3662 हैक्टेयर, आराजी संख्या 1087/910 रकबा, 0.0304 हैक्टेयर, आराजी संख्या 911 रकबा 0.2347 हैक्टेयर, आराजी संख्या 912/1 रकबा 0.1255 हैक्टेयर, आराजी संख्या 914/1 रकबा 0.1578 हैक्टेयर भूमि का आवासीय भूमि की जो प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, राजसमन्द के निर्णय दिनांक 3042 दिनांक 16.03.2022 द्वारा 90-क के तहत बिलानाम न.प.रा. दर्ज की स्वीकृति हो चुकी है, जिसमें निम्न आवेदकों द्वारा आवासीय प्रयोजनार्थ नियमन/आवंटन कराने हेतु आवंटन शपथ पत्र के आधार पर आवेदन किया है।

क्र.सं.	नाम आवंटी का	भू.सं.	वर्गमीटर
01	श्री सत्यपाल पिता श्री जोहरीलाल मेघवाल निवासी अहमदाबास किशनगढ़बास तहसील किशनगढ़बास जिला अलवर एवं श्री धर्मेन्द्रसिंह यादव पिता स्व. श्री जगमाल सिंह यादव निवासी भूनगडा अहीर तहसील मुण्डावर जिला अलवर।	06	163.80

अतः इस संबंध में किसी हितकारी को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति सूचना जारी तिथि के 7 दिवस में लिखित में मय सबुत दस्तावेज के परिषद में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मयाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आयुक्त , नगरपरिषद, राजसमन्द

भीम क्षेत्र में 104 एंबुलेंस खटारा, मरीज परेशान

भीम, (नि.सं.)। भीम उपखंड मुख्यालय स्थित 104 एंबुलेंस एकदम खटारा हो चुकी है। बेस एंबुलेंस के सभी 5 टायर पूरी तरह फट कर उधड़ चुके हैं। फटेहाल टायर एवं जर्जर वाहन से एंबुलेंस कर्मियों की तो जान जोखिम में रहती ही है। साथ ही घायलों गंभीर मरीजों की समय पर हायर सेंटर पर पहुंचा कर उनकी जान बचाने की एंबुलेंस सेवा का लाभ मिलना बेमानी साबित हो रहा है।

जानकारी के अनुसार 30,000 किलोमीटर वाहन चलने पर टायर बदले जाने का प्रावधान है, लेकिन उपखंड मुख्यालय स्थित 104 बेस एंबुलेंस के 80000 किमी चलने के बावजूद टायर नहीं बदले जा सके हैं। वर्तमान में आलम यह है कि जिम्मेदारों द्वारा केस लेने के लिए मना भी नहीं किया जा रहा। केस आने पर समीपस्थ ताल टॉडगढ़ बड़ा खेड़ा बरार आदि लोकेशन की एंबुलेंस को फोन ट्रांसफर किए जा रहे हैं। कई बार दूसरी एंबुलेंस के किसी अन्य केस में व्यस्त होने या अधिक दूरी पर होने की स्थिति में तीसरी लोकेशन की एंबुलेंस को कॉल ट्रांसफर की जाती है एवं मरीज को दिलासा देकर 2 घंटे तक बैठा दिया जाता है। तब तक वह असहनीय दर्द से कराहता छटपटाता रहता है एवं परिजनों की चीख चिल्लाहट का शोरगुल मचा रहता है मरीज के परिजनों द्वारा दोबारा तकाजा पूछताछ करने पर अरे एंबुलेंस अभी तक नहीं पहुंची कहकर चौथी लोकेशन की एंबुलेंस को फोन करने का ढंग नाटक किया जाता हैं। ऐसे में घटनास्थल पर एंबुलेंस पहुंचने में कम से कम 2 से 3 घंटे तक का समय लग जाता है। तब तक मरीजों व परिजनों की हालत काटो तो खून नहीं जैसी हो जाती है। दुर्घटना के घायल एवं गंभीर मरीज परेशान होकर मुंह मांगे दामों पर प्राइवेट एंबुलेंस एवं निजी वाहन की सहायता से हायर सेंटर पर पहुंचने को मजबूर हो रहे हैं तथा यह स्थिति 2 माह से निरंतर जस की तस है।

रोहित ज्वाला प्रोग्राम मैनेजर अजमेर, भीलवाड़ा राजसमंद का कहना है कि 1 दिन पूर्व 104 एंबुलेंस ऑफ रोड हुई है। जयपुर से गुरुवार को 5 टायर आने की संभावना है।

दंपत्ति झगड़े, पुत्र की मौत

उदयपुर,(का.सं.)। आपसी विवाद में गोदी से निचे गिरने पर दुधमुहे बच्चे की मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार रात में गोगुन्दा थानाक्षैत्र शिवडिया गांव निवासी मांगीलाल व उसकी पत्नी सोहनीबाई के बीच किसी बात को लेकर कहासूनी हो गई। इस दौरान सोहनी के हाथ से तीन वर्षीय दुधमुहे पुत्र कमलेश निचे गिर पडा। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे दिन इसकी सूचना मिलने पर गोगुन्दा थानाधिकारी योगेन्द्रव्यास, प्रशिक्षु एसआई देवीलाल मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर बच्चे को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। इस मामले में सोहनी ने पति मांगीलाल के खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट दी है। रात में मजदूरी से लौटने के बाद सोहनी से मांगीलाल की कहासुनी हो गई थी।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपालिका, नाथद्वारा
क्रमांक./न.पा.नाथ/भूमि/90क/22/18319 दिनांकः 7.12.22
-: आपत्ती-सूचना :-
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खातेदार श्री भंवरलाल भील पिता श्री मांगीलाल भील निवासी डिगेंला, तहसील नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.) द्वारा राजस्व ग्राम मोडवा के आराजी नं. 494/299 कुल रकबा 0.1265 हैक्टर भूमि जो प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपालिका नाथद्वारा के आदेश क्रमांक प्रा.अ./न.पा.नाथ./भूमि.रूपा/90ए/22/14782-14785 दिनांक 05.08.2022 द्वारा धारा 90क के तहत बिलानाम किस्म आवासीय प्रयोजनार्थ नगरपालिका नाथद्वारा की स्वीकृति होकर राजस्व रेकार्ड में नगरपालिका नाथद्वारा के नाम दर्ज हो चुकी है, उक्त भूमि में से कुल क्षेत्रफल 1096 वर्गमीटर भूमि का भूखण्ड खातेदारी रेकार्ड/रजिस्ट्री/खातेदार द्वारा निम्नांकित व्यक्ति के नाम जरिये आवंटन-पत्र से कब्जा देकर आवासीय प्रयोजनार्थ नियमन/आवंटन का पट्टा प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है :-

क्र.सं.	प्रोविजनल पट्टाधारी का नाम	भु.सं.	क्षेत्रफल
1.	श्री भूपेश भाटीया पिता श्री बालमुकन्द जी जाति भाटीया निवासी मातोश्री केम्पस गोविन्द नगर बिच्छु मंगरी, नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द	01	1096 वर्गमीटर

अतः इस संबंध में किसी हितकारी को आपत्ती हो तो नोटिस जारी तिथि के सात दिवस में लिखित में मय सबूत दस्तावेज पालिका में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी।
प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त , नगर पालिका, नाथद्वारा

रेल परियोजना में देरी के लिए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करें : के.के.गुप्ता

डूंगरपुर, (नि.सं.)। नगर परिषद डूंगरपुर के पूर्व सभापति तथा चेंबर ऑफ कॉमर्स डूंगरपुर के अध्यक्ष केके गुप्ता ने गुरुवार को विज्ञप्ति जारी कर अवगत कराया है कि बहुप्रतीक्षित उदयपुर अहमदाबाद रेल आमान परिवर्तन के बाद गत 31 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा अहमदाबाद के असारवा स्टेशन से असारवा डूंगरपुर उदयपुर रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था इसके साथ ही अन्य रेल गाड़ियां भी इस रूट पर चलाने के लिए मंजूर की गई थी लेकिन अभी तक रेलगाड़ियां इस रूट पर प्रारंभ नहीं हुई है और एकमात्र इंटरसिटी रेल के भरोसे ही दक्षिणी राजस्थान के लोग यात्रा कर रहे हैं।

चेंबर अध्यक्ष गुप्ता ने बताया कि रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत रेलगाड़ियों के संचालन को लेकर अभी तक किसी भी प्रकार की हलचल शुरू नहीं हुई है। जिसके चलते आमजन सहित व्यापारी वर्ग में भी आक्रोश व्याप्त है। रेल के उद्घाटन के दिन प्रत्येक स्टेशन पर धूमधाम से तैयारियां की गई थी और बड़ी संख्या में लोगों ने भी इसमें अपनी भागीदारी निभाई थी और अपने क्षेत्र में ब्रॉडगेज रेल आने पर दिल खोलकर इसका स्वागत किया था। रेलवे बोर्ड ने आमान परिवर्तित कर इस मार्ग पर जयपुर असर्वा एक्सप्रेस तथा 2 जोड़ी उदयपुर असर्वा इंटरसिटी एक्सप्रेस स्वीकृत की थी जिसमें से एक इंटरसिटी का वर्तमान में नियमित रुप से संचालन हो रहा है वहीं असारवा से डूंगरपुर तक आ रही डेमू पैसेंजर का उदयपुर तक का विस्तार भी रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत किया गया है लेकिन इसके संचालन को लेकर विभाग उदासीन बना हुआ है।

चेंबर अध्यक्ष गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में इस क्षेत्र में संचालित असर्वा डूंगरपुर अहमदाबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस रेल को अत्यधिक यात्री भार मिल रहा है। प्रतिदिन संचालित इस रेल के लगभग सभी स्टेशन पर समुचित संख्या में टिकट बुक हो रहे हैं और यहां के वाशिंदे सरल व सुगम रेल परिवहन का लाभ उठा रहे हैं। वही इस क्षेत्र के निवासियों को इस बात का भी बहुत मलाल है कि रेल बोर्ड द्वारा स्वीकृत की गई रेलगाड़ियां अभी तक नहीं चलाई जा रही हैं तथा यह कहीं ना कही अपना निजी हित देखने वाले संगठनों का दबाव भी कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि यहां सिर्फ एक ही इंटरसिटी रेल सुचारू रखी जाए।

उन्होंने बताया कि कई वर्षों तक लंबित पड़ी आमान परिवर्तन की इस परियोजना को पूर्ण कराने के लिए डूंगरपुर जिले के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन चेंबर ऑफ कॉमर्स के बैनर तले रेलवे विभाग को जगाने के प्रयास किए गए थे। जिसके तहत चेंबर के पोस्ट कार्ड अभियान सबसे प्रमुख अभियान रहा। जिसके अंतर्गत देश के प्रधानमंत्री और रेलमंत्री को लाखों की संख्या में पोस्टकार्ड लिखकर अपनी वेदना प्रकट करते हुए इस क्षेत्र में जल्द से जल्द रेल शुरू करने की मांग रखी गई थी। इसके पश्चात असर्वा हिम्मतनगर डूंगरपुर तक रेल शुरू हुई। जो बाद में हिम्मतनगर और डूंगरपुर के बीच ही चलने लगी। इसको लेकर भी सबसे पहले चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा उचित स्तर पर विरोध दर्ज कराया गया। इसके पश्चात पुनः तयशुदा रूट असर्वा हिम्मतनगर डूंगरपुर और इससे आगे उदयपुर तक इंटरसिटी चलने लगी।

चेंबर अध्यक्ष गुप्ता ने कड़े शब्दों में कहा है कि रेलवे बोर्ड द्वारा तयशुदा रेलगाड़ियों को उनके रूट पर संचालित कर आमजन को राहत नहीं पहुंचाई गई तो चेंबर द्वारा सड़क पर उतर कर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिसमें चेंबर का प्रत्येक पदाधिकारी और व्यापारी सदस्य पूरे उत्साह के साथ गांव गांव ढाणी ढाणी तक इस आंदोलन की बात पहुंचाएगा और अपने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में भागीदारी निभाएगा। वही रेल विकास विभाग द्वारा भी ऐसे रूट का चयन कर प्राथमिकता के साथ कार्य कराए जाते हैं जहां पर यात्री भार अत्यधिक मिले। लेकिन इस मामले में रेल विकास विभाग की उदासीनता रही कि दक्षिणी राजस्थान में इस रूट पर अत्यधिक यात्री भार मिलने और इससे करोड़ों रुपए राजस्व प्राप्तियों की अपार संभावनाएं होते हुए भी यहां आमान परिवर्तन का कार्य मंथर गति से चलता रहा। यह भी एक गंभीर जांच का विषय है। परियोजना की पूर्ति होने में जैसे जैसे देरी होती रही वैसे वैसे इसकी लागत राशि भी बढ़ती रही। जिससे सरकारी खजाने को भी नुकसान हुआ। इसके साथ ही यहां रेल सुविधा नहीं होने से आमजन और व्यापारी वर्ग ने भी कठिनाइयों का सामना किया। आमजन आवागमन के अन्य साधनों का उपयोग करने के लिए मजबूर रहा और कई भीषण दुर्घटनाओं का भी सामना किया जिससे जान-माल की हानिया भी हुई। इसके सहित व्यापारी वर्ग भी माल ढुलाई के सबसे सस्ते साधन मालगाड़ी सुविधा से कई वर्षों तक वंचित रहा। दक्षिणी राजस्थान के प्रमुख पर्यटन शहर उदयपुर सहित देश के सबसे स्वच्छ शहर डूंगरपुर में जिस बड़ी संख्या में पर्यटक आने चाहिए थे और पर्यटक आने से व्यापारिक गतिविधियों में भी वृद्धि होती है। लाभ से क्षेत्र वंचित रहा।

इसके सहित यदि आवश्यकता रही तो चेंबर ऑफ कॉमर्स न्यायालय का दरवाजा खटखटायेगा और सक्षम न्यायालय स्तर पर जनहित में याचिका दायर कर रेलवे बोर्ड और रेल विकास विभाग से यह जवाब तलब कराया जाएगा कि स्वीकृत रेलों को इन रूट पर नहीं चला कर दक्षिणी राजस्थान को विकास के दृष्टिकोण से क्यों वंचित रखा जा रहा है?

शिरीष कुमार का उदयपुर में प्रवास

उदयपुर, (का.सं.)। संस्कृत भाषा का प्रचार एवं संवर्धन करने के लिए 'संस्कृत भारती' यह संस्था भारतवर्ष में एवं पूरे विश्व में कार्य करती है। जनवरी माह में अखिल भारतीय महाविद्यालय छात्र सम्मेलन नागपुर में करने जा रहे है। इस उद्देश्य से संस्कृत भारती के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख शिरीष कुमार का उदयपुर में प्रवास हुआ। जिसके अंतर्गत उदयपुर से. 4 स्थित विश्व संवाद केंद्र पर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संस्कृत भारती उदयपुर विभाग एवं प्रचार गण के सदस्य के साथ विचार विमर्श किया।

संस्कृत भाषा केवल अर्थ उपार्जन अथवा कक्षा अध्ययन तक ही सीमित ना रहे बल्कि आमजन के व्यवहार में उतरे जिसका विस्तार अत्यंत आवश्यक है। संस्कृत भाषा है जिसमें परस्पर व्यवहार में संभाषण हो, लोग आपस में बोलें, इस दृष्टि से तरह तरह के उपक्रम संस्कृतभारती द्वारा चलाये जाते है,जिसमे 10 दिवसीय संभाषण शिविर, आवासीय संभाषण शिविर, प्रबोधन वर्ग, प्रशिक्षण वर्ग, संस्कृत बाल केंद्र, गीता शिक्षण केंद्र आदि।

हाल ही अभी पानीपत के पास समालखा क्षेत्र में अखिल भारतीय महिला सम्मेलन किया। इसमें 2900 महिलाओ ने भाग लिया।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपालिका, नाथद्वारा
क्रमांक/न.पा.नाथ/भूमि/90क/22/18317 दिनांकः 7.12.22
-: आपत्ती-सूचना :-
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खातेदार श्री कमलेश दया पिता श्री मनोहरलाल लाल दया निवासी नाडाखाडा, तह. गिर्वा जिला-उदयपुर एवं श्री भूपेश भाटीया पिता श्री बालमुकन्द जी भाटिया व श्री सुरेश आसवानी पिता श्री वासुदेव आसवानी निवासी नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.) द्वारा राजस्व ग्राम नाथद्वारा के आराजी न. 2237,4201/2239, 4203/2239, 4205/2238 कुल किता-04 कुल रकबा 0.9275 हैक्टर भूमि जो प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपालिका नाथद्वारा के आदेश क्रमांक प्रा.अ./न.पा.नाथ./भूमि. रूपा/90ए/22/14779-14781 दिनांक 05.08.2022 द्वारा धारा 90 क के तहत बिलानाम किस्म आवासीय प्रयोजनार्थ नगरपालिका नाथद्वारा की स्वीकृति होकर राजस्व रेकार्ड में नगरपालिका नाथद्वारा के नाम दर्ज हो चुकी है, उक्त भूमि क्षैत्रफल 0.9275 हैक्टेयर में से अनुमोदित योजना अनुसार पृथक-पृथक भूमि के भूखण्ड खातेदारी रेकार्ड/रजिस्ट्री/खातेदार द्वारा निम्नांकित व्यक्तियों के नाम जरिये आवंटन-पत्र से कब्जा देकर आवासीय प्रयोजनार्थ नियमन/आवंटन का पट्टा प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है :-

क्र.सं.	प्रोविजनल पट्टाधारी का नाम	भु.सं.	क्षैत्रफल
1.	श्री तरंग ठाकर पिता श्री इन्द्र वादन जी जाति ठाकर निवासी मोती महल, नाथद्वारा जिला-राजसमन्द	27	119.41 वर्गमीटर
2.	श्री तरंग ठाकर पिता श्री इन्द्र वादन जी जाति ठाकर निवासी मोती महल, नाथद्वारा जिला-राजसमन्द	26	117.47 वर्गमीटर
3.	श्री विनोद कुमार टेलर पिता श्री कैलाशचन्द्र जी टेलर निवासी श्रीनाथ कॉलोनी ए, बस स्टेशन के पास, नाथद्वारा जिला-राजसमन्द	21	131.15 वर्गमीटर
4.	श्री दीपक पालीवाल पिता श्री कालुलाल जी पालीवाल निवासी बायला लोधाघाटी, नाथद्वारा जिला-राजसमन्द	31	118.68 वर्गमीटर
5.	श्री दीपक पालीवाल पिता श्री कालुलाल जी पालीवाल निवासी बायला लोधाघाटी, नाथद्वारा जिला-राजसमन्द	30	117.39 वर्गमीटर

अतः इस संबंध में किसी हितकारी को आपत्ती हो तो नोटिस जारी तिथि के सात दिवस में लिखित में मय सबूत दस्तावेज पालिका में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी।
प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त , नगर पालिका, नाथद्वारा